## महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

निविदा जारी की तिथि 07.05.2016
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय
दिनांक 06.06.2016 समय अपरान्ह् 2.00 बजे
निविदा खुलने की तिथि एवं समय
दिनांक 06.06.2016 समय 3.00 बजे
निविदा शुल्क 200/–
अनुमानित लागत : रूपये 7.00 लाख

### निविदा प्रपत्र

कुलसचिव,
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,
अजमेर ।

विषयः– 01 अगस्त, 2016 को विश्वविद्यालय में सप्तम दीक्षान्त समारोह हेतु टैन्टेज (मंच, पण्डाल) मय लाईट, पंखें, ए.सी., कुर्सियों–कनात इत्यादि की व्यवस्था हेतु निविदा।

सन्दर्भः– विश्वविद्यालय की निविदा सूचना क्रमांक.......................दिनांक

1. निविदा शुल्क की रकम रू. 200/– जमा करा दी गई है, देखिये रसीद संख्या........................... दिनांक..................... के लिये
2. निविदा सूचना संख्या दिनांक जो आपके द्वारा जारी की गई है, में वर्णित समस्त शर्तों का पालन करने के लिये हम सहमत है तथा उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्तों, जो संलग्न पृष्ठों में दी गई है, का भी हम पालन करने के लिये सहमत हैं (समस्त पृष्ठों पर हस्ताक्षर किए हुए हैं)
3. कार्यादेश (फर्म आर्डर) प्राप्त होने की तारीख से..................................दिवस की अवधि के भीतर में कार्य कर दिया जायेगा ।
4. बयाना (अर्नेस्ट मनी) हेतु महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के पक्ष में रू. 14000/– का ड्राफ्ट निक्षेप रसीद संख्या............................ दिनांक......................... प्रस्तुत है ।
5. वित्तीय बिड में अंकितानुसार कार्य एवं सामान व मजदूरी सहित दरें/व्यय अंकित कर दिया गया है ।
6. निर्धारित घोषण पत्र संलग्न है।
7. बिक्री कर/सर्विस टेक्स/पंजीयन प्रमाण पत्र/चुकता प्रमाण पत्र संलग्न दिया गया है।
8. टिन नम्बर एवं आयकर पेन नम्बर संलग्न है।

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

दिनांक

फर्म का नाम.........................................
एवं डाक का पूरा पता............................
पता........................................................
..................................................................
मोबाईल नं0 ................................................

संलग्न उपरोक्तानुसार

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

## निविदा एवं संविदा की शर्ते

1. निविदायें टेन्ट संबंधी कार्य करने वाले अनुभवी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायियों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता का स्वयं का टेन्ट व्यवसाय एवं पर्याप्त संसाधन होने चाहिये।
2. निविदादाता फर्म के पास राजकीय विश्वविद्यालयों के कम से कम तीन दीक्षान्त समारोह के आयोजन हेतु टेन्ट व लाईटिंग संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्था करने का अनुभव भी होना आवश्यक है।
3. निविदा प्रारूप में दरों का अंकन शब्दों व अंकों दोनों में किया जाना चाहिए।यदि कोई शुद्धि करनी हो तो स्पष्ट रूप से करनी चाहिए तथा उस पर दिनांक सहित लघु हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।
4. अंकों एवं शब्दों में अंकित दरों में अन्तर होने की स्थिति में सबसे कम दर को मान्य किया जायेगा।
5. फर्म के पास डोम संरचना में वाटरप्रूफ टेन्ट लगाने का अनुभव एवं संसाधन होना आवश्यकत है।
6. फर्म को कार्यादेशानुसार एवं इस हेतु गठित समिति के निर्देशानुसार कार्य करना होगा एवं समस्त कार्य दीक्षान्त समारोह से एक दिवस पूर्व दिनांक 31 जुलाई, 2016 को होने वाली रिहर्सल से पूर्व पूर्ण करना होगा।
7. निविदा में दी गई दरों में सभी प्रकार के सामान का किराया एवं उसका लाना, लगाना तथा समारोह के पश्चात् सामान को हटाना व वापिस ले जाना, इत्यादि सभी कार्य शामिल हैं । सभी सामान की सुरक्षा एवं उसकी चौकीदारी की जिम्मेदारी भी निविदादाता की ही होगी । इस हेतु किसी प्रकार की कोई व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा नहीं की जावेगी अथवा अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा ।
8. निविदादाता को सभी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं जैसे धूप, तेज वर्षा (वाटर प्रूफ) हवा, आंधी इत्यादि की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पंडाल को सभी दृष्टि से पूर्णरूपेण मजबूत एवं सुरक्षात्मक बनाना होगा ताकि समारोह के दौरान एकाएक किसी प्रकार का व्यवधान, दुर्घटना उत्पन्न न होवे । कार्य प्रारम्भ करने से लेकर एवं पंडाल लगाने के बाद से समारोह समाप्ति तक निविदादाता के कम से कम 10 कार्मिक तकनीकी स्टाफ पांडाल में ही मौजूद रहेंगे, जिन्हें प्रत्येक दिन तीन बार (सुबह, दोपहर और सायं) विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त अधिकारी को उपस्थिति दर्ज कराना आवश्यक है ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्य निष्पादन हेतु उपलब्ध हो सकें ।
9. विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में नजदीकी इलेक्ट्रिक पाइन्ट उपलब्ध करवा दिया जावेगा, उसके आगे की समस्त वायरिंग आवश्यकतानुसार पूरे पांडाल में पूर्ण सुरक्षात्मक तरीके से दक्ष (अनुभवी) पंजीकृत विद्युतकर्मी के द्वारा सभी सुरक्षात्मक मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए निविदादाता को ही सुनिश्चित करनी होगी। विद्युत व्यय विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जावेगा । समस्त वायरिंग को सावधानीपूर्वक लगाना होगा। फर्श पर होने वाली वायरिंग को टेप (इंसुलेशन) लगाकर सुरक्षित करना होगा।
10. विद्युत कार्य संबंधी लापरवाही/असावधानी (स्पार्किंग) आदि से होने वाली दुर्घटना के लिए निविदादाता की ही जिम्मेदारी होगी। इस तरह की दुर्घटना के परिणामस्वरूप यदि विश्वविद्यालय की सम्पत्ति अथवा जान–माल की कोई क्षति होती है तो उसकी समस्त क्षतिपूर्ति फर्म द्वारा की जावेगी।टेन्ट सामग्री के कराए जाने वाले बीमें की राशि का भुगतान भी फर्म द्वारा ही किया जावेगा।
11. समस्त सामान एकदम साफ सुथरा व नया तथा मजबूत ही प्रयोग में लेना होगा, गन्दा, फटा हुआ अथवा पैबन्द लगा हुआ या पुराना नहीं लगाया जा सकेगा, अन्यथा भुगतान देय नहीं होगा।

12. पीने के पानी की व्यवस्था विश्वविद्यालय करेगा परन्तु पीने के पानी के लिए निर्दिष्ट स्थानों पर टेबिल मय सफेद साफ कवर उपलब्ध कराना होगा।

13. पंडाल में लगाये गये एवं आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराये गये समस्त सामान का सत्यापन पंडाल निरीक्षण समिति के विस्तृत प्रमाणीकरण बाद ही तद्नुसार बिल का भुगतान संभव होगा ।

14. समारोह की व्यवस्था एवं समारोह के दौरान निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधी की गलती से विश्वविद्यालय को किसी भी प्रकार क्षति/आर्थिक हानि होती है तो उसकी वसूली निविदादाता की सुरक्षा राशि तथा आवश्यकता पड़ने पर बिल की राशि से की जा सकती है।

15. समस्त कार्य संतोषप्रद सम्पन्न होने की स्थिति में ही पंडाल निरीक्षण समिति के सत्यापन के आधार पर बिल का भुगतान किया जा सकेगा ।

16. किसी भी प्रकार की विवादस्पद स्थिति में कुलपति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

17. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

18. निविदा में अंकित दर/व्यय में अनुमोदन बाद किसी भी परिस्थिति में परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा ।

19. किसी भी निविदा अथवा उसके भाग को बिना कोई कारण बताये आंशिक अथवा पूर्ण रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकारी कुलसचिव को आरक्षित है ।

20. न्यूनतम दर/व्यय पर कार्य कराने के लिये विश्वविद्यालय बाध्य नहीं है ।

21. समस्त विधिक कार्यवाहियां, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो, किसी भी पक्षकार द्वारा अजमेर स्थित न्यायालयों में ही की जावेगी, अन्यत्र नहीं की जाएगी।

22. सफल निविदाकार को दरों के अनुमोदन पश्चात् तीन दिवस में 500/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा। इसके अभाव में अमानत/बयाना राशि जब्त कर ली जावेगी।

23. कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में तथा समय पर पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में कुलपति महोदय द्वारा निर्धारित राशि की कटौती बिल की राशि में से/बयाना राशि में से की जावेगी।

24. यदि किसी परिस्थितिवश सफल निविदाकार द्वारा कार्यादेश मिलने के पश्चात् कार्य करने में असमर्थ रहता है तो नियमानुसार सुरक्षा राशि/बयाना राशि जब्त की जावेगी।

25. सफल निविदाकार द्वारा कार्य सम्पन्न न करने की स्थिति में निविदाकार की रिस्क एवं कोस्ट के आधार पर कार्य अन्य से कराने पर हुए अधिक भुगतान की वसूली भी निविदाकार की जावेगी।

26. सफल निविदाकार को दरे अनुमोदित होने के तीन दिवस में अनुमानित लागत का 5 प्रतिशत राशि धरोहर राशि के रूप में जमा कराने होंगे जिसमें बयाना राशि के रूप में जमा राशि का समायोजन किया जा सकेगा।

27. कारपेट की दरें भरते समय प्रति कारपेट व साईज का अंकन अवश्य किया जाना है।

28. लाईटे निर्धारित स्थान पर दक्ष (अनुभवी) पंजीकृत लाईटमैन द्वारा लगाई जावेगी किसी प्रकार की दुर्घटना की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

29. कार्यादेश में अंकित सामग्री आदेश देने के पश्चात् दीक्षान्त समारोह की निर्धारित तिथि 01.08.2016 से 07 दिवस पूर्व निर्धारित स्थान पर पहुँचाकर कार्य प्रारम्भ कर कार्य प्रारम्भ कर एवं निर्धारित अवधि में व्यवस्था करनी होगी। सामग्री उतारने व लगाने में कोई दुर्घटना, चोरी आदि से हुई हानि की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी, उचित यही होगा कि निविदादाता टेन्ट लाईट सामग्री आदि का बीमा अपने स्तर पर करवा लेवे इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा कोई राशि देय नहीं होगी।

30. कार्य समाप्त होने पर निविदादाता द्वारा लगाए गए श्रमिकों को पूर्ण भुगतान करने का प्रमाण पत्र देना होगा तथा बाल श्रमिक नहीं लगायेंगे।

31. प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री (सोफा, कुर्सियां, स्टील कुर्सियां एवं टेबल इत्यादि) नई, मजबूत एवं साफ–सुथरी, समारोह की गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए। सामग्री, उपकरण इत्यादि समारोह की गरिमा के अनुरूप नहीं पाये जाने पर तुरन्त बदलने होंगे।
32. नियमानुसार करो की कटौती बिल से की जावेगी।
33. सामान्यतया बिड की समस्त मदों की कुल न्यूनतम राशि के आधार पर न्यूनतम बिडदाता का निर्धारण किया जावेगा। फिर भी क्रय समिति न्यूनतम दर वाली संविदा को स्वीकार किए जाने हेतु बाध्य नहीं है। किसी भी बिड को या उसके किसी भी भाग को बिना कारण बताये रद्द कर सकेगी।
34. वित्तीय बिड के कॉलम संख्या 04 में अंकित मात्रा अनुमानित है इसमें आवश्यकतानुसार कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है।
35. कार्यक्रम के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जनरेटर व जनरेटर को चलाने की व्यवस्था संवेदक को करनी होगी तथा विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तुरन्त जनरेटर को चालू करना होगा।
36. निविदा प्रपत्र वेबसाईट से भी डाऊनलोड किया जा सकता है। डाऊनलोड करने की स्थिति में निविदा फॉर्म के शुल्क की राशि का ड्राफ्ट जो कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर को देय हो संलग्न करना होगा।
37. वित्तीय बिड का लिफाफा अलग से बन्द कर उस पर वित्तीय बिड अंकित करना आवश्यक है। निविदादाता को पृथक–पृथक सील्ड लिफाफों में पृथक तकनीकी बिड व वित्तीय बिड देनी होगी। दोनों लिफाफे को पृथक से अन्य लिफाफे में सील्ड करके लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित भी करना होगा।
38. तकनीकी बिड में योग्य पाये जाने वाले निविदादता की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
39. जनरेटर सैट के डीजल उपयोग के लिए हावर्स (घण्टे) प्रभारी अधिकारी को समय–समय पर नोट कराना होगा तथा संलग्न लॉग बुक भी संधारित करनी होगी। उसी के सत्यापन के आधार पर ही डीजल की सरकारी दर से राशि का भुगतान होगा।
40. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शित नियम 2013 की शर्तों एवं विश्वविद्यालय बजट एवं लेखा नियम 1997 की अन्य सभी शर्तें लागू होगी।

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

फर्म का नाम.........................................
एवं डाक का पूरा पता............................
पता.......................................................
..................................................................
मोबाईल नं0 ..................................................

## निविदादाताओं द्वारा घोषणा

उपरोक्त समस्त जानकारी/शर्तों का मैनें/हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि कुलसचिव, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर का निर्णय हमारे लिए मान्य होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में बिड में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित मशीन/उपकरण/तकनीकी अनुभव व तकनीकी कर्मचारी आदि उपलब्ध हैं। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायत्तशासी संस्था/निगम/बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है। प्रतीक स्वरूप बिड प्रपत्र में प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर (मय शील) कर दिये हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाय तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपह्त कर किया जा सकेगा तथा बिड़ को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा एवं नियमानुसार अन्य समस्त कार्यवाही भी की जा सकेगी।

दिनांकः

निविदादाता के हस्ताक्षर
पूर्ण पता व मो. नम्बर

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

## तकनीकी बिड

महर्षि दयानन्द सरस्वती विष्वविद्यालय, अजमेर में दिनांक 01.08.2016 को आयोजित होने वाले सप्तम दीक्षान्त समारोह हेतु टेन्ट व्यवस्था बाबत।

निविदादाता द्वारा निम्न सूचना/दस्तावेजों को प्रस्तुत करना आवष्यक हैः–

1. निविदादाता यथा संस्था, फर्म या ऐजेन्सी संबंधित कार्य के लिए सक्षम निकाय से पंजीकृत होना चाहिए, नवीनतम पंजीकरण की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न की जानी है।
2. निविदादाता को इस प्रकार के कार्य करने का कम से कम 03 राजकीय विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह के आयोजन हेतु टेन्ट संबंधित व्यवस्था करने का अनुभव भी होना चाहिए तथा लगाई जाने वाली सामग्री का पर्याप्त स्टॉक होना चाहिये।
3. बयाना/अमानत राषि रू. ...................रसीद नं. .......................दिनांक...................... संलग्न होनी चाहिए।
4. सर्विस टैक्स पंजीयन प्रमाण पत्र एवं क्लीरियंस सर्टिफिकेट, टिन नम्बर व पेन नम्बर संलग्न किया जाना है।)
5. निविदा फर्म/कम्पनी है तो कम्पनी पंजीयन प्रमाण पत्र तथा साझेदारी फर्म है तो साझेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना है।

**कुलसचिव** **निविदाकार के हस्ताक्षर मय मोहर**

**म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर** **पूर्ण पता व मोबाईल नम्बर**

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

वित्तीय बिड

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | Qty (Estimated) | Unit (FOR Rate) | Rate per item per day to be Quoted (including all taxes and other Charges) | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | P&F and Removing of Doe Type water proof super structure with new white cloth for sitting area Convocation ground 80' x 160' | 12800 | Sqft. | | |
| 2 | Generator Set 125 KVA Silent without POL/Diesel | 3.00 | Nos. | | |
| 3 | Disel for generator | Per Hours Diesel | | | |
| 4 | Helogen Light 500 Watt | 60.00 | Nos. | | |
| | 1000 Watt | | | | |
| 5 | Metal Light 400 Watt | 25.00 | Nos. | | |
| 6 | Border Bulb for Building Decoration | 4000.00 (Bulb) | Nos. | | |
| 7 | Cable 4 Core 25 mm 50 Mtr. long | 15.0 | Nos. | | |
| 8 | Pipe pandal water proof | 4500.00 | Sqft. | | |
| 9 | Curtain Cloth (View Cutter) | 3600.00 | Sqft. | | |
| 10 | Wooden Table with Cover and Frill 6' x 2' | 40.00 | Nos | | |
| 11 | One Dies for seven persons with leather chair and with Blue Blezer | 01.00 | Nos | | |
| 12 | Pyramid Shape water Proof canopy 15' x 15' Ft for Hi-tea | 6.00 | Nos. | | |
| 13 | Round table with Cover and Frill for Hi-tea 4' dia Radius 2' | 10.00 | Nos. | | |
| 14 | Welcome Gate of Truss 9x9 Having size of 12x12 with tri colour cloth | 2.00 | Nos. | | |
| 15 | Ply Stage for Bom, Syndicate and senet Members 12x24 ft. with carpet frill and steps | 2.00 | Nos. | | |
| 16 | Dressing Table 4' x 2' | 2.00 | Nos | | |
| 17 | Center table with cover 4' x 2' | 4.00 | Nos | | |
| 18 | Wooden high back paded chair with red velvet seat cover chair for His Excellency the Governor | 2.00 | Nos. | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | Tower A.C./ Three Ton | 4.0 | Nos | | |
| 20 | Celling Fan 48" | 70.00 | Nos | | |
| 21 | Pedestal Fan | 20.00 | Nos | | |
| 22 | 50 mm 6 mtr. long Galvanized iron pipe with coloured silk flag | 100.00 | Nos. | | |
| 23 | White leather sofa (Two Chair Set) | 50.00 | Nos. | | |
| 24 | Non-Woven Synthetic New Carpet (Red/Green) | 10000.00 | Sqft. | | |
| 25 | Benquet chair with white Synthetic cover (Steel pipe peded chair with while cover) | 1000.00 | Nos. | | |
| 26 | Woolen Carpet Size | 3200.00 | Sqft. | | |
| 27 | Mobile toilet for V.I.P. 4.5' x4.5' x 5.5' | 02 | Nos. | | |

उक्त दरों व संलग्न शर्तों के अनुसार कार्य करने की सहमति देता हूँ। उक्त सभी दरें समस्त करों, व्ययों एवं एफ.ओ.आर. महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर होगी।

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

फर्म का नाम.........................................
एवं डाक का पूरा पता............................
पता........................................................
......................................................
मोबाईल नं0 .........................................................